तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 31 जुलाई 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 देख रेख एवं मरम्मत के अभाव में ग्राम बादा उदरसई मार्ग स्थित पुल की हालत जर्जर



## खबर संक्षेप

### जाति प्रमाण पत्र मामले में विधायक टोप्पो को राहत



**अम्बिकापुर।** सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामकुमार टोप्पो को उनके जाति प्रमाण पत्र से जुड़े मामले में बड़ी राहत मिली है। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान दायर याचिका के बाद हाईकोर्ट के निर्देश पर गठित रायगढ़ जांच समिति द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जानकारी के अनुसार जांच समिति ने अपनी जांच पूर्ण करते हुए विधायक रामकुमार टोप्पो को क्लीन चिट प्रदान की है। समिति ने अपने निष्कर्ष में कहा कि शिकायतकर्ताओं द्वारा अपने आरोपों के समर्थन में कोई ठोस दस्तावेजी अथवा प्रमाणिक साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसी आधार पर शिकायत को निराधार मानते हुए प्रकरण का निराकरण कर दिया गया। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने भी जांच प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। लंबे समय से चल रही इस जांच के समाप्त होने के बाद विधायक समर्थकों में खुशी का माहौल है। समर्थकों का कहना है कि राजनीतिक कारणों से बिना पर्याप्त तथ्यों के शिकायत की गई थी, जिसकी जांच में अब सत्य सामने आ गया है।

### कैशलेस चिकित्सा लागू करने स्वास्थ्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक

**अम्बिकापुर।** राज्य के शासकीय कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए बहुप्रतीक्षित कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने के संबंध में स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष अनिल पाण्डेय एवं प्रदेश महामंत्री एसपी देवांगन के नेतृत्व में संगठन का प्रतिनिधि मंडल शामिल हुआ। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष अनिल पाण्डेय ने कहा कि राज्य के सरकारी कर्मचारियों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा लागू करना संघ की वर्षों पुरानी मांग थी। इस दौरान संघ ने राज्य के सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को भी अनिवार्य रूप से कैशलेस चिकित्सा सुविधा में शामिल करने, कर्मचारियों के इलाज के दौरान कोई परेशानी न हो इसके लिए जिला स्तर पर हेल्प डेस्क की स्थापना करने, मान्यता प्राप्त अस्पताल के कैशलेस इलाज से इंकार करने या निर्धारित दर से अधिक राशि की मांग करने पर उसके विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने का सुझाव दिया। स्वास्थ्य सचिव श्री कटारिया ने बताया कि इस योजना का लाभ राज्य एवं अन्य राज्य के सभी आयुष्मान भारत योजना में रजिस्टर्ड अस्पतालों में लागू किया जायेगा। उन्होंने कर्मचारी संगठनों के सुझावों पर योजना के पारदर्शी क्रियान्वयन हेतु सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।

### छठवीं की छात्रा की संदिग्ध हालत में मौत

**अम्बिकापुर।** शहर के निजी स्कूल में कक्षा छठवी की छात्रा की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बालोद क्षेत्र के डोंडी थाना अंतर्गत ग्राम कोटेया निवासी छाया लारिया आ. दयाशंकर लारिया (13 वर्ष) सत्तीपारा में किराए के मकान में पिता के साथ रहकर शहर के निजी स्कूल में कक्षा 6वीं में पढ़ाई करती थी। इधर पीएचई विभाग में कार्यरत पिता हर रोज की भांति सुबह 11 बजे ड्यूटी में चला गया और दिन लगभग 12.30 बजे घर पहुंचा तो देखा दरवाजा अंदर से बंद था। किसी तरह दरवाजा खोलकर अंदर गया तो देखा बेटी बिस्तर में बेहोश हालत में पड़ी हुई थी। पिता ने बेटी को उठाने का प्रयास किया और जब बेटी नहीं उठी तो आसपास के लोगों की मदद से तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बालिका को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक बालिका के शरीर में कहीं भी चोट के निशान नहीं थे लेकिन गले में फांसी लगने का निशान पाया है। पुलिस को कहना है कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत का सही वजह स्पष्ट हो सकेगा।

## जिले के अंतिम छोर पर बसे गांव मुंदाराडांड का मामला, बारिश में बढ़ जाती है परेशानी

# टिन शेड के नीचे पढ़ रहे प्राथमिक शाला के 23 बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है लेकिन जिले में आज भी छोटे बच्चों को अपनी प्राथमिक शिक्षा हासिल करने के लिए किस कदर जद्दो जहद करनी पड़ती है इसका अंदाजा इस तस्वीर को देखकर लगाया जा सकता है। जिले के अंतिम छोर पर बसे गांव मुंदाराडांड की प्राथमिक शाला में एक से पांच कक्षा तक के सभी 23 बच्चे एक टिन शेड के नीचे बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर है। बरसात के मौसम में पानी अन्दर आता है तो ठंड के मौसम में कनकनाहट वाली हवा अंदर आती है। ऐसा नहीं है कि स्कूल का अपना भवन नहीं है लेकिन भवन काफी पहले जर्जर हो गया है और उस भवन की छत के नीचे बैठकर पढ़ाई करना इन आदिवासी समुदाय के बच्चों के लिए खतरे से खाली नहीं है। इस लिए बच्चों को एक टिन शेड के नीचे वर्षों से पढ़ाई करनी पड़ रही है। हैरानी की बात तो यह है कि अब तक बच्चों के नवीन भवन या जर्जर भवन के मरम्मत हेतु कोई पहल नहीं की गई।

**खास बात**

- जर्जर भवन में पढाई करना हुआ खतरनाक

हम बात कर रहे है उदयपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बकोई के आश्रित ग्राम मुंदाराडांड शासकीय प्राथमिक शाला की। मुंदाराडांड जिले के अंतिम छोर पर बसा हुआ एक छोटा सा गांव है और इसके आगे कोरबा जिले की सीमा शुरू हो जाती है। पूरी तरह से वनांचल क्षेत्र में मझवार व अन्य आदिवासी समुदाय के लोग निवास करते है और इस प्राथमिक शाला में गांव के आदिवासी परिवार के बच्चे ही पढ़ाई करते है। दूरस्थ आदिवासी क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए इस स्कूल की स्थपना की गई थी। इस विद्यालय में कक्षा पहली से लेकर पांचवीं तक 23 बच्चे पंजीकृत है। गांव के बच्चों की पढाई के लिए शासकीय प्राथमिक शाला के भवन का निर्माण भी कराया गया था लेकिन गुणवत्ताहीन निर्माण के कारण भवन कुछ वर्षों में ही जर्जर हो गया और आलम यह है कि इस भवन की छत के नीचे पढ़ाई करना काफी खतरनाक है। यही वजह है कि बच्चे स्कूल के समीप बने एक टिन के शेड के नीचे पढ़ाई करते है। एक साथ पांच कक्षाओं के बच्चों को सिर्फ एक कमरे वाले टिन शेड के नीचे पढ़ाई करनी पड़ती है। ऐसा नहीं है कि स्थानीय स्तर से भवन निर्माण या मरम्मत की मांग नहीं की जा रही है लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि विभागीय अधिकारीयों को भेजी गई जानकारी को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।




जर्जर शाला भवन, इनसेट में छत के उखड़े प्लास्टर।



टिन शेड के नीचे पढ़ाई करते बच्चे।

### बारिश और ठंड में बढ़ जाती है परेशानी

प्राथमिक शाला मुंदाराडांड में आज तक प्रधान पाठक की पदस्थापना नहीं हो पाई। स्कूल की पढाई सिर्फ दो शिक्षकों के भरोसे है। शिक्षक आकर बच्चों की नियमित रूप से पढाई भी कराते है। इस बीच स्कूल भवन जर्जर होने के कारण बच्चे बगल में मौजूद टिन शेड वाले कक्ष में बैठकर एक साथ पढाई तो किसी तरह कर ले रहे है लेकिन ठण्ड और बारिश के समय बच्चों की पढाई के लिए भी संघर्ष करना पड़ता है। बारिश तूफान में पानी शेड के अंदर आता है जिससे बच्चों की पढाई प्रभावित हो जाती है। इसके साथ ही ठंड के समय ठंडी हवा के कारण बच्चों को भारी परेशानी होती है। कनकनाहट के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। वहीं गर्मी में लू का खतरा बढ़ जाता है। इस तरह से किसी भी मौसम में बच्चो के लिए टिन शेड के नीचे बैठकर पढ़ाई करना चुनौतीपूर्ण ही राहत रहा है।

#### सहायिका के घर बनता है भोजन

शासकीय प्राथमिक शाला मुंदाराडांड में भवन की समस्या तो है ही। स्कूल में अब तक किचन शेड का निर्माण भी नहीं हहो पाया है। ऐसे में बच्चों के मध्यान भोजन के लिए भी जूझना पड़ता है। किचन शेड नहीं होने के कारण सहायिका प्रतिदिन अपने घर में बच्चों का मध्यान भोजन बनाती है और उस पके हुए भोजन को स्कूल तक लाने का एक अतिरिक्त काम होता है जिसके बाद बच्चों को भोजन मिल पाता है।

### भेजा गया है प्रस्ताव

उदयपुर विकास खण्ड में 28 अति जर्जर भवन है। इसके अलावा अन्य कुछ भवन भी मरोम्मत योग्य है। जो जर्जर भवन हैं उनके जगह पर दूसरे भवन में विद्यालय संचालित है। जर्जर भवन एवं भवन विहीन की जानकारी ब्लाक स्तर से प्रस्ताव बना कर जिले में भेज दी गई है। स्वीकृति सुकृति मिलते ही नया भवन बनवाया जायेगा।

-**मृत्युजय पांडेय**, बीईओ उदयपुर

### क्षेत्र में 28 प्राथमिक और माध्यमिक शाला जर्जर

यह स्थिति सिर्फ मुंदाराडांड प्राथमिक शाला की नहीं है बल्कि विकासखंड में 28 से अधिक ऐसे प्राथमिक और माध्यम विद्यालय है जो अति जर्जर स्थिति में है। भवन जर्जर होने के कारण जुगाड़ में विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। कई स्कूल उधार के भवन में चल रहे है। बड़ी बात यह है कि स्कूलों के मरम्मत के लिए प्रतिवर्ष विभागीय राशि स्वीकृत की जाती है लेकिन इसके बाद भी भवन की स्थिति जर्जर ही होती जा रही है। इधर स्कूलों के जर्जर होने के कारण विद्यालय का संचालन काफी कठिन हो गया है। विकासखंड में आज भी स्कूल प्राथमिक एंव माध्यमिक विद्यालय ऐसे हैं जो पाली पाली में भवन के अभाव के कारण लगाया जाता है। प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय जजगी, केशमा, झापड़ पारा करोदी, मर्तिगा मिडिल स्कूल लगभग आधा दर्जन से ज्यादा जो पाली पाली में स्कूल लगाई जाती है। इसके अलावा कई स्कूल सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी भवन, प्रधान पाठक कक्ष, अतरिक्त कक्ष सहित अन्य जुगाड़ के भवन में संचालित है जो बारिश के दिनों में बच्चों को पढ़ाई में काफी दिक्कत होती है। वहीं कई विद्यालय ऐसे में भी है जिनका भवन बारिश होने के कारण छत टपकता है और स्कूल में पानी आ जाता है। ऐसे में अभिभावकों द्वारा नये स्कूल भवन की मांग की गई है।

## दुष्कर्म के आरोपी पर 5 हजार का इनाम

**अम्बिकापुर।** घर में काम करने वाली किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले आरोपी युवक अब भी पुलिस पकड़ से बाहर है। घटना के बाद से आरोपी के फरार होने तथा पुलिस के हाथ आरोपी के संबंध में कोई सुराग नहीं मिलने पर आज एसएसपी ने आरोपी को गिरफ्तार करवाने या पता बताने पर इनाम की घोषणा की है। आरोपी के संबंध में जानकारी देने वालों की पहचान गोपनीय रखने की बात कही गई है।

- घटना के बाद से फरार है आरोपी



कोतवाली अंतर्गत शहर से लगे गांव की एक 15 वर्षीय किशोरी जो पढ़ाई करने के साथ ही गांव में ही तरूण जायसवाल के यहां काम करती थी। किशोरी घरेलू काम करने के अलावा तरूण के यहां भोजन भी बनाती थी। 20 जुलाई की शाम किशोरी तरूण के यहां काम करने गई थी। इसी दौरान तरूण ने उसे भोजन बनाने की बात कही। किशोरी के काम पर जाने काफी समय हो गया तो पिता ने अपनी दूसरी बेटी को बुलाने के लिए भेजा। जिस पर तरूण ने भोजन बनाने की बात कहकर किशोरी की बहन को वापस घर भेज दिया। इसी बीच तरूण किशोरी को अपने कमरे में जबरन ले गया और पहले अश्लील वीडियों देखाया फिर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। किशोरी ने घर आकर घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 65(1), 4,6 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इधर घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार हो गया। घटना के कई दिन बीत जाने तथा आरोपी का सुराग नहीं लगने पर एसएसपी राजेश अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस रेगुलेशन के पैरा 80-ए में निहित दी गई शक्तियों का प्रयोग कर फरार आरोपी के संबंध में ऐसी कोई जानकारी देना जिससे आरोपी की गिरफ्तारी हो सके या गिरफ्तार करायेगा अथवा गिरफ्तार करेगा उसे 5 पांच हजार रूपए इनाम की राशि पुरस्कार के रूप में देने की घोषणा की। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखने की बात कही है।

## चोरी के मामले पुलिस ने युवक सहित दो महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

ग्राम बचवार स्थित एक घर से सोना-चांदी व नकदी सहित लगभग 4 लाख की चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक युवक और दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूर्व में इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल दाखिल करा चुका है। हैरानी की बात तो यह है कि युवक ने चोरी के जेवरात को अपनी मां को दिया और उसकी जेवरात से 3 लाख से अधिक को गोल्ड लोन लिया गया था।

शंकरगढ़ पुलिस के मुताबिक ग्राम बचवार निवासी अर्पण कुमार उरांव आ. जगेश्वर राम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 31 दिसंबर की दोपहर 2 से 4.30 बजे के बीच चोरों ने उसके घर के दरवाजा एवं अलमारी का लॉक तोड़कर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात के अलावा 3 हजार नगद सहित लगभग 4 लाख कीमत के सामान चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि थाना गांधीनगर के प्रकरण में आरोपी सुभाष नगर निवासी आनंद कुमार पन्ना आ. हबिल पन्ना (22 वर्ष)द्वारा पूछताछ में थाना शंकरगढ़ में भी अपने साथी आकाश गाईन के साथ मिलकर चोरी करने की बता बताई। जिसके आधार पर आनंद पन्ना को पूर्व में पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया था। वहीं फरार आरोपी आकाश गाईन की तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस ने आकाश गाईन को अम्बिकापुर से हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि आनंद पन्ना सोने चांदी के गहने शंकरगढ से चौरी कर लाया था जिसे अपनी मां नीलिमा गाईन के माध्यम से अम्बिकापुर बैंक में जमा कर 3 लाख 80 हजार गोल्ड लोन लिया था जिसका पैसा नीलिमा गाईन रखी थी और आनंद पन्ना को दी थी। खाता के माध्यम से उसकी बहन मंजुषा पन्ना 20 हजार रूपए. प्राप्त की थी। नीलिमा गाईन द्वारा बैंक में सोने के जेवरात जमा कर 3 लाख 80 हजार रूपए का गोल्ड लोन लेना पाया गया है। जिस पर पुलिस ने आरोपी सुभाष नगर निवासी आकाश गाईन आ. प्रदीप गाईन (23 वर्ष), नीलिमा गाईन पति प्रदीप गाईन (38 वर्ष) व मंजुषा पन्ना पिता हबिल पन्ना (31 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में उप निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह, सउनि धोबसाय पैकरा, रफैल तिर्की, आरक्षक बबलू बेक, संदीप महिला आरक्षक सरोज केरकेट्टा सक्रिय थे।







## भाजपा महामाया मंडल ने माँ महामाया मंदिर में किया दीप प्रज्जवलन



**अम्बिकापुर।** संत रविदास की जयंती पर भाजपा महामाया मंडल द्वारा माँ महामाया मंदिर में दीप प्रज्जवलन एवं महाआरती किया गया।

इस दौरान मंदिर के पुजारियों ने सामाजिक समरसता, आपसी सौहार्द, सामाजिक एकता तथा सनातन संस्कृति के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गुरू पूर्णिमा केवल गुरू के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का पर्व नहीं बल्कि ज्ञान, संस्कार, सेवा, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और समाज के प्रति अपने दायित्वों का आत्मस्मरण करने का भी अवसर है। भारतीय संस्कृति में गुरू को जीवन का मार्गदर्शक माना गया है, जो व्यक्ति और समाज दोनों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गुरू पूर्णिमा का संदेश समाज में सेवा, समरसता और सद्भाव की भावना को सुदृढ़ करता है। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा मंडल महामाया के विभिन्न मोर्चों द्वारा अपने क्षेत्र के मंदिरों में दीप प्रज्जवलित किया गया। युवा मोर्चा ने स्कूल रोड स्थित हनुमान मंदिर, महिला मोर्चा ने जोड़ा पीपल शिव मंदिर, किसान मोर्चा ने काली मंदिर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने पुलिस लाइन गौरी मंदिर तथा अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति मोर्चा ने माँ महामाया मंदिर में दीप प्रज्जवलित कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, बस्तर सह प्रभारी हरपाल सिंह भामरा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सिर गोवर्धनपुर से पहुंची पावन मिट्टी...



अम्बिकापुर। संत शिरोमणि गुरू रविदास की जयंती के उपलक्ष्य में उनकी जन्मस्थली सिर गोवर्धनपुर से पावन मिट्टी एवं जल कलश लेकर भाजपा की 12 सदस्यीय टोली डॉ.सनम जांगड़े एवं हरिनाथ खूंटे के नेतृत्व में रायपुर के लिए रवाना हुई। अम्बिकापुर में पावन मिट्टी एवं जल कलश पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पूजा-अर्चना कर उसका स्वागत किया। महाराणा प्रताप चौक से कलश यात्रा निकालकर टोली को रायपुर के लिए रवाना किया गया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, महापौर मंजूषा भगत, जिला महामंत्री अरूणा सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गड्ढों में वाहनों के फंसने से आए दिन लग रहा जाम, आवागमन हुआ मुश्किल

# डबरी में तब्दील रामचंद्रपुर-सनावल मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामचन्द्रपुर

देखरेख एवं मरम्मत के अभाव में रामचंद्रपुर-रामानुजगंज-गढ़वा रोड एवं रामचंद्रपुर-सनावल मार्ग जर्जर हो गया है। मार्ग में जगह-जगह 3-3 फीट गहरे बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। गड्ढों में वर्षा का पानी भरने के कारण सड़क डबरी में तब्दील हो गई है। सड़क के खतरनाक गड्ढों में आए दिन भारी वाहन फंस रहे हैं जिससे जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।

क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए लोनिवि द्वारा 10 वर्ष पूर्व रामचंद्रपुर-रामानुजगंज-गढ़वारोड मार्ग का निर्माण कराया गया था। ग्रामीण क्षेत्रों से गुजरने के कारण बड़ी संख्या में ग्रामीण मार्ग से आवागमन करते है। निर्माणाधीन अम्बिकापुर-रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-343 में वाहनों के फंसने एवं घंटों



आवागमन बाधित होने के कारण बड़ी संख्या में यात्री इसी मार्ग से आवागमन कर रहे है। मार्ग से यात्री बसों के साथ ही बड़ी संख्या में लम्बी दूरी के भारी वाहन चल रहे हैं जिससे सड़क के गड्ढों का आकार लगातार बढ़ते जा रहा है। तीन साल पूर्व विभाग ने पेच रिपेयरिंग कराया था लेकिन कुछ महीनों में ही सड़क उखड़ने लगी। लगातार भारी वाहनों के आवागमन से गड्ढों का आकार बढ़ने लगा। हालत यह है कि सड़क में जगह-जगह 20 से 30 फीट लंबे एवं तीन फीट गहरे गड्ढे बन गए हैं। गड्ढों में बरसात का पानी भरने के कारण चालक गहराई का अनुमान नहीं लगा पा रहे हैं और गड्ढों में फंस जा रहे हैं। बीच सड़क पर वाहनों के फंसने से आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। दोपहिया सवार भी गड्ढों के बीच से अवागमन करने के दौरान दुर्घटना के शिकार बन रहे हैं। पैदल चलने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही है तथा लोग कीचड़ एवं गंदगी से सराबोर हो रहे है। रामचंद्रपुर स्थित अटल चौक, हाईस्कूल रोड, ग्राम अनिरूद्धपुर एवं चरगढ़ तक 3 किमी लंबी सड़क में दर्जनों डबरी बन गए हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत चरगढ़ के सरपंच दया सिंह ने बताया कि सड़क में जगह-जगह खतरनाक डबरी बनने के कारण क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है तथा नाराज ग्रामीण निकट भविष्य में आंदोलन करने की योजना बना रहे हैं।

#### बदहाल हुआ रामचंद्रपुर-सनावल मार्ग

रामचंद्रपुर-सनावल मार्ग की स्थिति भी खतरनाक हो गई है। मार्ग में पूर्व में भी 4 किमी लम्बी सड़क पर जगह-जगह खतरनाक गड्ढे बन गए थे। विभाग द्वारा जीएसबी भरकर गड्ढों की मरम्मत की गई थी लेकिन जून की बारिश में ही गड्ढों की जीएसबी बह गई तथा गड्ढों का आकार बढ़ने लगा। वर्तमान में सड़क के गड्ढों ने डबरी का रूप ले लिया है जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है तथा दो पहिया सवार आए दिन दुर्घटना के शिकार बन रहे हैं।

## भूमि अधिग्रहण मामले में पुलिस कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ किसान ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंप ग्राम मदननगर सहित क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण, ग्रामीणों पर दर्ज आपराधिक प्रकरण तथा कथित पुलिस कार्रवाई के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप ग्रामीणों पर दर्ज आपराधिक प्रकरणों को तत्काल वापस लेने पुलिस कार्रवाई पर रोक लगाने तथा प्रभावित ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित कर शांतिपूर्ण समाधान निकालने की मांग की है।



किसान सभा के सचिव सीपी शुक्ला ने बताया कि राज्य की वर्तमान भूमि अधिग्रहण नीति पर भी पुनर्विचार करने की जरूतर है। विकास के नाम पर किसानों एवं आदिवासियों को उनकी जमीन से विस्थापित करना उचित नहीं है। विकास का अर्थ विनाश नहीं होना चाहिए तथा प्रभावित परिवारों को पुर्नवास, उचित मुआवजा और सम्मानजनक आजीविका की गारंटी सुनिश्चित की जानी चाहिए। ज्ञापन में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को रोजगार उपलब्ध कराने तथा भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के प्रावधानों का पूर्णतः पालन करने की मांग की गई है। संगठन का कहना है कि केवल मुआवजा देना पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि प्रभावित परिवारों के दीर्घकालिक पुनर्वास और आजीविका की सुरक्षा भी जरूरी है।

**खबर संक्षेप**

### मुरमा गांव में तीन दिन से अंधेरा

**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर के ग्राम मुरमा में पिछले तीन दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। ग्रामीणों के अनुसार गांव को विद्युत आपूर्ति करने वाली 11 केवी लाइन का एक तार टूटकर गिर गया है, जिसके कारण पूरे गांव की बिजली बाधित है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत विभाग को इसकी सूचना दिए जाने के बावजूद अब तक लाइन की मरम्मत नहीं हो सकी है। विभागीय कर्मचारियों द्वारा आवश्यक वायर उपलब्ध नहीं होने की बात कही जा रही है, जिससे सुधार कार्य में देरी हो रही है। लगातार तीन दिनों से बिजली नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को पेयजल, मोबाइल चार्जिंग तथा अन्य दैनिक कार्यों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में अंधेरे के कारण सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी बढ़ गई हैं। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से शीघ्र वायर उपलब्ध कराकर टूटी हुई 11 केवी लाइन की मरम्मत कराने और गांव की विद्युत आपूर्ति जल्द बहाल करने की मांग की है।

### दुर्घटना को दे रहे न्यौता...



**बैकुण्ठपुर।** मालवाहक वाहन में अक्सर मजदूरों को भरकर सड़कों पर सरपट दौड़ते आसानी से देखे जा सकते है। इस तरह की लापरवाही से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

### मुरमा गांव में तीन दिन से अंधेरा

**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर के ग्राम मुरमा में पिछले तीन दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। ग्रामीणों के अनुसार गांव को विद्युत आपूर्ति करने वाली 11 केवी लाइन का एक तार टूटकर गिर गया है, जिसके कारण पूरे गांव की बिजली बाधित है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत विभाग को इसकी सूचना दिए जाने के बावजूद अब तक लाइन की मरम्मत नहीं हो सकी है। विभागीय कर्मचारियों द्वारा आवश्यक वायर उपलब्ध नहीं होने की बात कही जा रही है, जिससे सुधार कार्य में देरी हो रही है। लगातार तीन दिनों से बिजली नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को पेयजल, मोबाइल चार्जिंग तथा अन्य दैनिक कार्यों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में अंधेरे के कारण सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी बढ़ गई हैं। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से शीघ्र वायर उपलब्ध कराकर टूटी हुई 11 केवी लाइन की मरम्मत कराने और गांव की विद्युत आपूर्ति जल्द बहाल करने की मांग की है।

### चिरमिरी में 45 हजार पौधारोपण पर उठे सवाल

**डोमनहिल।** चिरमिरी क्षेत्र में एसईसीएल और वन विकास निगम द्वारा किए जा रहे वृक्षारोपण अभियान को लेकर स्थानीय लोगों के एक वर्ग ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि रिहायशी इलाकों के समीप बड़े पैमाने पर पौधारोपण किए जाने से भविष्य में जंगली जानवरों की आवाजाही बढ़ सकती है, जिससे लोगों की सुरक्षा प्रभावित होने की आशंका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्तमान में क्षेत्र बंदरों के आतंक से पहले ही परेशान है। यदि आबादी के बीच या उसके समीप घना वृक्षारोपण किया जाता है तो भविष्य में भालू, तेंदुआ अथवा अन्य वन्यजीवों की आवाजाही बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने मांग की है कि रिहायशी क्षेत्रों में वृक्षारोपण वैज्ञानिक मानकों और पर्याप्त दूरी का पालन करते हुए किया जाए। गौरतलब है कि 21 जुलाई 2026 को कोल इंडिया लिमिटेड के राष्ट्रव्यापी गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अभियान के तहत एसईसीएल के चिरमिरी क्षेत्र में एक ही दिन में 45 हजार पौधे लगाए जाने का दावा किया गया था। इस दावे पर भी कुछ स्थानीय नागरिकों ने सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में पौधारोपण के लिए पर्याप्त भूमि और संसाधनों की आवश्यकता होती है।

## सोलर बैटरी खराब होने से 23 छात्रों की पढ़ाई पर संकट

# जंगल के बीच छात्रावास में अंधेरे का संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

एमसीबी जिले के विकासखंड भरतपुर के दूरस्थ वनांचल स्थित बालक छात्रावास, बडगांवकल में रह रहे 23 छात्र इन दिनों मूलभूत सुविधाओं के अभाव में कठिन परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे हैं।

विकासखंड मुख्यालय से करीब 55 से 60 किलोमीटर दूर घने जंगल के बीच स्थित इस छात्रावास में सोलर सिस्टम की बैटरी लंबे समय से खराब पड़ी है। नतीजतन रात होते ही पूरा परिसर अंधेरे में डूब जाता है। बरसात के मौसम में बिजली आपूर्ति भी अक्सर बाधित रहती है और कई-कई दिनों तक बहाल नहीं हो पाती, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ उनकी सुरक्षा भी प्रभावित हो रही है। छात्रों का कहना है कि अंधेरे के कारण रात में छात्रावास से बाहर निकलना भी जोखिम भरा हो गया है। जंगल क्षेत्र होने से सांप, बिच्छू सहित अन्य जहरीले जीवों का खतरा बना रहता है। पर्याप्त रोशनी नहीं होने से विद्यार्थियों में भय का माहौल है और वे नियमित रूप से अध्ययन भी नहीं कर पा रहे हैं। छात्र बाल गोविंद ने बताया कि विद्यालय में लगा सोलर सिस्टम लंबे समय से बंद पड़ा है। स्कूल खुलने के बाद से ही बिजली की सुविधा नहीं मिल रही है, जिससे पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो रही है।

- जहरीले जीव के डर के बीच रात गुजारने को मजबूर विद्यार्थी









अंधेरे के कारण कक्षाओं में अध्ययन और परिसर में आने-जाने में भी विद्यार्थियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने तत्काल नई बैटरी लगाने या खराब बैटरी की मरम्मत कराने की मांग की। छात्र वन प्रसाद ने बताया कि बिजली नहीं रहने से कक्षाओं में पर्याप्त रोशनी नहीं मिलती, जिससे पढ़ाई में कठिनाई होती है। वहीं अंधेरे के कारण विद्यालय परिसर में आवाजाही भी मुश्किल हो गई है। उन्होंने जल्द से जल्द सोलर सिस्टम दुरुस्त कराने की मांग की। छात्र राजेश कुमार ने कहा कि लंबे समय से बिजली की समस्या बनी हुई है। रात में पढ़ाई नहीं हो पाती और अंधेरे के कारण बाहर निकलने में भी डर लगता है। उन्होंने विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए तत्काल सोलर बैटरी बदलने की मांग की।

### हर बार मिला आश्वासन

छात्रावास अधीक्षक अमरजीत ने बताया कि सोलर सिस्टम की खराब बैटरी और बिजली समस्या की जानकारी संबंधित विभाग को कई बार मौखिक एवं लिखित रूप से दी जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक कोई समाधान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि हर बार अधिकारी और कर्मचारी ₹आज आएंगे, कल आएंगे₹ कहकर आश्वासन देते हैं, लेकिन मरम्मत के लिए कोई नहीं पहुंचता। लंबे समय से सोलर सिस्टम बंद होने से छात्रावास में रह रहे 23 विद्यार्थियों की पढ़ाई और दैनिक दिनचर्या गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि छात्रावास के सोलर सिस्टम की बैटरी तत्काल बदली जाए तथा नियमित बिजली व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि दूरस्थ क्षेत्र में रहकर शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर अध्ययन का वातावरण मिल सके।

## मवेशी चराने गए ग्रामीण पर भालू का जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

एमसीबी जिले के वन मंडल मनेंद्रगढ़ के कुंवारपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम जरडोल में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब मवेशी चराने गए एक ग्रामीण पर अचानक भालू ने जानलेवा हमला कर दिया। भालू के हमले में ग्रामीण के सिर और जबड़े पर गंभीर चोटें आई हैं।

स्थानीय लोगों की तत्परता से घायल को किसी तरह भालू के चंगुल से छुड़ाकर जनकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। फिलहाल घायल का इलाज जारी है और उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जरडोल निवासी रूप साय बैगा (48 वर्ष), पिता नगीना बैगा रोज की तरह अपने मवेशियों को चराने के लिए गाजर परिसर स्थित गोहडारी नदी के समीप जनडहिया पहाड़ी क्षेत्र गए थे। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे भालू ने अचानक उन पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से ग्रामीण को संभलने का मौका तक नहीं मिला। भालू ने सबसे पहले उनके सिर पर हमला किया और जबड़े को भी बुरी तरह घायल कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद घायल को भालू के चंगुल से बचाया। इसके बाद तत्काल उन्हें जनकपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर होने पर शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वन रक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि घटना गोहडारी नदी के पास गांजर बिट क्रमांक 1242, जनडहिया पहाड़ी क्षेत्र में हुई। भालू के हमले से घायल ग्रामीण के जबड़े और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। वहीं, वन परिक्षेत्र अधिकारी रेंजर दिनेश साहू ने बताया कि रूप साय बैगा मवेशी चराने के लिए जंगल क्षेत्र में गए थे, जहां भालू ने उन पर हमला कर दिया। पहले उनका इलाज जनकपुर अस्पताल में कराया गया, लेकिन स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर उपचार के लिए शहडोल रेफर किया गया है। वन विभाग की टीम पूरे मामले की जांच कर रही है और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद ग्राम जरडोल सहित आसपास के गांवों में भय और दहशत का माहौल है।

- घायल की हालत नाजुक, शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ समय से जंगल और नदी किनारे भालू समेत अन्य जंगली जानवरों की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं, जिससे ग्रामीणों, चरवाहों और किसानों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने, वन्यजीवों की निगरानी तेज करने और ग्रामीणों को सतर्क करने के लिए प्रभावी अभियान चलाने की मांग की है।

## नाबालिग वाहन चालकों पर पुलिस का विशेष जागरूकता अभियान

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाने पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस ने विशेष जन-जागरूकता अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत अभिभावकों, स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने वाले वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन के संबंध में समझाइश दी जा रही है।

पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान बताया गया कि किसी भी परिस्थिति में नाबालिग बच्चों को दोपहिया या चारपहिया वाहन चलाने की अनुमति न दें। ऐसा करना कानून का उल्लंघन होने के साथ ही बच्चों एवं अन्य सड़क उपयोगकतार्ओं के लिए गंभीर खतरा है। यातायात पुलिस ने मोटरयान अधिनियम की धारा 194(ए) की जानकारी देते हुए बताया कि नाबालिग के वाहन चलाते पाए जाने पर वाहन स्वामी या अभिभावक पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना तथा अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



दुर्घटना की स्थिति में बीमा दावे पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। पुलिस ने बताया कि 30 जुलाई से 14 अगस्त 2026 तक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जबकि 16 अगस्त से नाबालिग वाहन चालकों एवं संबंधित अभिभावकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई शुरू की जाएगी। अभियान के दौरान स्कूली वाहनों के चालकों की बैठक लेकर उन्हें उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों से अवगत कराया गया। चालकों को पांच दिनों के भीतर वाहन के सभी दस्तावेज, वैध ड्राइविंग लाइसेंस एवं एचएसआरपी नंबर प्लेट पूर्ण कराने तथा क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन नहीं करने के निर्देश दिए गए। निर्धारित अवधि के बाद कमी पाए जाने पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। जागरूकता अभियान में यातायात प्रभारी बीरबल राजवाड़े, सहायक उपनिरीक्षक किशुन राम भगत, हवलदार डॉ. महेश मिश्रा, सैनिक राजेश साहू एवं राजेश खलखो सहित यातायात पुलिस के जवान मौजूद रहे।

### मानस भवन की गली बनी कचरा डंपिंग जोन



**बैकुण्ठपुर।** शहर के हृदय स्थल स्थित मानस भवन के बगल से गुजरने वाली गली इन दिनों कचरा डंपिंग स्थल में तब्दील हो गई है। यहां पिछले कई दिनों से गीला और सूखा कचरा खुले में फेंका जा रहा है, जिससे नगर पालिका की सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शहर में स्वच्छता के दावों के बीच यह स्थिति लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार मानस भवन की गली में नियमित रूप से विभिन्न प्रकार का कचरा डंप किया जाता है, लेकिन उसका समय पर उठाव नहीं किया जाता। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि नियमित सफाई कराई जाए।

## ओएमआर परीक्षा से परखी विद्यार्थियों की प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कलेक्टर रोक्तिमा यादव के पहल विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों से आगे बढ़ाकर व्यावहारिक ज्ञान, प्रशासनिक कार्यप्रणाली और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जोड़ा जा रहा है। इसी के तहत बैकुंठपुर स्थित आईसेक्ट कॉलेज में कैरियर मार्गदर्शन एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला आबकारी अधिकारी रमेश अग्रवाल एवं श्रम अधिकारी तनुजा माझी ने अपने सीजी पीएससी चयन और साक्षात्कार के अनुभव साझा करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की प्रभावी रणनीति, समय प्रबंधन, उत्तर लेखन, व्यक्तित्व विकास तथा इंटरव्यू की तैयारी के महत्वपूर्ण गुर विद्यार्थियों को बताए। उन्होंने कठिन परिश्रम, सकारात्मक सोच और सही मार्गदर्शन को सफलता की कुंजी बताया। नवनियुक्त आबकारी उप निरीक्षक अभिषेक कमल एवं





सूरज तथा आरक्षक महबूब आलम और परवीन यादव ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी छत्तीसगढ़ शासन की 'जनमन' पत्रिका एवं 'सुशासन संकल्प' पुस्तिका का वितरण किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों की प्रतिभा का आकलन करने के लिए यूपीएससी, सीजी पीएससी, व्यापम और बैंकिंग परीक्षाओं की तर्ज पर 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने ओएमआर शीट पर उत्तर अंकित किए। विशेष अभ्यास ओएमआर शीट की व्यवस्था जिला आबकारी अधिकारी रमेश अग्रवाल द्वारा कराई गई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों में उर्मिला टोप्पो ने प्रथम, वर्षा यादव ने द्वितीय, पूर्णिमा राजवाड़े ने तृतीय, रितेश कुमार ने चतुर्थ तथा अनीक सिंह ने पंचम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बैकुंठपुर के युवा गायक सचिन गुप्ता 'डिम्मी' ने देशभक्ति एवं प्रेरणादायक गीतों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। अंत में महाविद्यालय परिवार की ओर से नीलेश सोनी, प्रशांत राजवाड़े एवं अरविंद मिश्रा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## जिला अस्पताल के वाहन स्टैंड से बाइक चोरी



**बैकुण्ठपुर।** जिला अस्पताल बैकुण्ठपुर परिसर में संचालित वाहन स्टैंड से एक व्यक्ति की बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है।

घटना के बाद वाहन की काफी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। अस्पताल में लगे सीसीटीव्ही समेत अन्य माध्यमों के जरिए खोजबीन की जा रही है। मामले ने वाहन स्टैंड की सुरक्षा व्यवस्था और ठेका प्रबंधन की जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार ग्राम विश्रामपुर निवासी दीपक दास 28 जुलाई को अपनी सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल लेकर मरीज को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने अस्पताल परिसर में संचालित अधिकृत वाहन स्टैंड पर निर्धारित शुल्क जमा कर रसीद प्राप्त की और वाहन खड़ा कर दिया।

### भाजपा के शासन में नये छत्तीसगढ़ का हो रहा उदय

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के जिला अध्यक्ष अंकित शर्मा ने जारी बयान में कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के



नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास, सुशासन और जनकल्याण के नये दौर में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की पारदर्शी कार्यशैली, जनहितैषी नीतियों और दूरदर्शी निर्णयों के कारण ₹नये छत्तीसगढ़₹ का निर्माण तेजी से हो रहा है जिसका लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रहा है। अंकित शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में आधारभूत संरचना के विकास, सड़क, पुल निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, कृषि, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे हैं। सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और इसी सोच के साथ योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है।

## बिजली संकट पर भाजपा का प्रदर्शन

**जनकपुर।** नगर पंचायत जनकपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से जारी अघोषित और लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर बुधवार को जनाक्रोश सामने आया।

- नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

नगर पंचायत के उपाध्यक्ष निलेश मिश्रा के नेतृत्व में ग्रामीणों और भाजपा कार्यकतार्ओं ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपकर विद्युत व्यवस्था में तत्काल सुधार और स्थायी समाधान की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि जनकपुर क्षेत्र में 132 केवी विद्युत उपकेंद्र स्थापित होने के बावजूद उपभोक्ताओं को नियमित और निर्बाध बिजली नहीं मिल पा रही है। बार-बार फॉल्ट और ट्रिपिंग के कारण लगभग हर 10 से 15 मिनट में बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। इससे आम नागरिकों के साथ-साथ व्यापारी, किसान, विद्यार्थी, छोटे उद्योग, अस्पताल तथा सरकारी कार्यालयों का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। किसानों की सिंचाई व्यवस्था बाधित होने से कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जबकि व्यापारियों को आर्थिक नुकसान और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।



### विभाग ने मानी संसाधनों की कमी

मामले में जनकपुर विद्युत वितरण केंद्र के कनिष्ठ अभियंता (जेई)आतिश एक्का ने बताया कि बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक सामग्री और तकनीकी संसाधनों की कमी है। इसकी जरूरत का आकलन कर 6 जुलाई को विस्तृत एस्टीमेट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जैसे ही आवश्यक सामग्री उपलब्ध होगी, दो दिनों के भीतर सुधार कार्य शुरू कर बिजली व्यवस्था में स्पष्ट सुधार दिखाई देगा तथा फॉल्ट और ट्रिपिंग की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।

## पूरे माह भगवान भोलेनाथ की होगी पूजा-अर्चना

# शिवालयों में अलसुबह से पूजा-अर्चना करने जुटे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

श्रावण मास के पहले दिन गुरूवार को श्रद्धालु सुबह होने के साथ ही अपने अपने क्षेत्र के शिवालयों में पूजा अर्चना करने के लिए जुटने लगे। इस अवसर पर विभिन्न जगहों पर स्थित शिवालयों में श्रद्धावान भक्तों द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की।

शहर के प्रेमाबाग स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भी आस पास के श्रद्धालुओं द्वारा सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए जुटते रहे और दोपहर तक यहां श्रद्धालुओं का पूजा अर्चना के लिए आना जाना लगा रहा। इसके अलावा शहर के कई क्षेत्रों के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में पूरे श्रावण मास के दौरान भगवान शिव की आराधना आस्था व भक्ति के साथ पूजा अर्चना की जाती है। वहीं श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को शिवालयों में सबसे अधिक भीड़ जुटती है। श्रावण का सोमवार शिव का प्रिय दिन होने के कारण इसकी महत्ता इस माह में बढ़ जाती है यही कारण है कि प्रत्येक सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवालय पहुंच कर जलाभिषेक, सहित विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हैं। कई श्रद्धालुओं द्वारा इस दिन उपवास रखकर विधि विधान के साथ शिव जी की पूजा अर्चना करते है। धार्मिक मान्यता है श्रावण सोमवार को किया गया व्रत एवं शिव जी का पूजन करने से असीम फल की प्राप्ति होती है।



श्रावण माह के पहले दिन श्रद्धालु भोले शिव की आराधना के लिए जुटते रहे।

### माह भर भक्ति में डुबे रहेंगे श्रद्धालु

पवित्र सावन माह में श्रद्धालु एक माह तक भक्ति भाव में डुब कर भोले बाबा शिव की आराधना करेंगे। इस दौरान शिवालयों में विभिन्न तरह के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते है। कही भजन कीर्तन किया जाता है तो कई जगहों पर भण्ड़ारे का आयोजन का क्रम भी शुरू हो जाता है। इससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो जाता है।

### कांवड़ यात्रा की होगी शुरूआत

कांवड़ यात्रा निकाली जाती है। विभिन्न जल स्त्रोतों से कांवड़ में जल भरकर श्रद्धालु पैदल लंबी दूरी तय कर भव्य कांवड़ यात्रा निकालते है हर हर महादेव की गुंज गुंजती रहती है। वही कोरिया एमसीबी जिले के काफी श्रद्धालु बाबा धाम जाने की योजना भी बनाते हैं।

## कोरिया जिला शतरंज संघ की नई कार्यकारिणी गठित

**बैकुण्ठपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ एवं फर्म एवं सोसाइटी से पंजीकृत कोरिया जिला शतरंज संघ की नई कार्यकारिणी का विधिवत गठन किया गया है।

नई टीम में खेल के विकास और जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अनुभवी एवं सक्रिय पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नई कार्यकारिणी में राजेन्द्र सिंह को अध्यक्ष चुना गया है। वहीं राजीव जायसवाल, योगेश गुप्ता एवं आनंद तिवारी को उपाध्यक्ष, अब्दुल शमीम को सचिव, मनोज पांडेय को सहसचिव, आशीष गुप्ता को कोषाध्यक्ष तथा सम्वर्त कुमार रूप को मीडिया प्रमुख बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शगुफ्ता खानम, अंजुम, रोशन पाठक, राशिद एवं परवेज अंसारी को शामिल किया गया है।

- राजेन्द्र बने अध्यक्ष

नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह एवं सचिव अब्दुल शमीम ने बताया कि संघ का मुख्य उद्देश्य जिले के प्रतिभावान शतरंज खिलाड़ियों को तराशना, नई प्रतिभाओं को अवसर देना तथा क्षेत्र में शतरंज गतिविधियों का विस्तार करना है। इसके लिए जल्द ही संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिताओं के आयोजन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि पिछले चार वर्षों में कोरिया जिला शतरंज संघ ने राज्य स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। इस अवधि में इंटरनेशनल फिडे रेटिंग चेस टूनार्मेंट सहित लगभग एक दर्जन संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन कर नए खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच उपलब्ध कराया गया है।

## खबर संक्षेप




### हायर सेकेंडरी सरहरी में बैगलेस डे पर आज विशेष कार्यक्रम

**पोड़ीमोड़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरहरी में 1 अगस्त बैगलेस डे पर संस्था के प्राचार्य दिलीप तिवारी के मार्गदर्शन में विशेष कार्यक्रम के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है। शनिवार को छात्र-छात्राएं किताबों के बोझ से मुक्त होकर देशभक्ति, कला, संस्कृति और जीवन मूल्यों का व्यावहारिक पाठ पढ़ेंगे। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण एक विशेष प्रेरणादायी सत्र होगा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अनूठी पहल करते हुए सूरजपुर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पुत्र कमलेश कोसरिया को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाएगा। वे विद्यार्थियों के बीच देश की आजादी में सेनानियों के अमूल्य योगदान, उनके त्याग, संघर्ष और जीवन से जुड़े अनसुने व प्रेरक प्रसंगों को साझा करेंगे। इसके अलावा विद्यालय में चित्रकला और देशभक्ति रंगोली प्रतियोगिता,राष्ट्रीय एकता और सद्भावना की शपथ,'एक पेड़ मां के नाम के नाम पौध रोपण सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित की जाएगी।

### संत रविदास की जयंती पर की गई पूजा-अर्चना



**अम्बिकापुर।** समरसता संकल्प अभियान अंतर्गत गुरू रविदास की जंयती पर गुरू पूर्णिमा के दिन भाजपा समलाया मंडल द्वारा माँ समलाया मंदिर में 650 दीप एवं अन्य मंदिरों में दीप प्रज्जवलित कर पूजा-अर्चना किया किया। दीप प्रज्वलन में भाजपा के प्रदेश के महामंत्री अखिलेश सोनी, जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, हरपाल सिंह भामरा, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, अंबिकेश केशरी, विद्यानंद मिश्रा, मधुसूदन शुक्ला, जिला महामंत्री विनोद हर्ष, अरूणा सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बिना कारण किसी शिक्षक का नहीं रूकेगा वेतन

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष कमलेश सिंह ने शिक्षा सचिव डॉ.कमलप्रीत सिंह द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए गए निर्देश का स्वागत किया है जिसमें केवल वीएसके ऐप की ई-अटेंडेंस के आधार पर जुलाई माह का वेतन नहीं बनाया जाएगा तथा बिना कारण जाने किसी भी शिक्षक का वेतन नहीं रोका जाएगा। उन्होंने बताया कि यह निर्णय प्रदेशभर के शिक्षकों के हित में है। दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों में स्थित विद्यालय में नेटवर्क एवं तकनीकी समस्या के कारण वीएसके ऐप में नियमित उपस्थिति दर्ज नहीं हो पा रही थी तथा शिक्षक समय पर विद्यालय पहुंचकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं साथ ही उपस्थिति पंजी में नियमित हस्ताक्षर कर रहे है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने वीएसके ऐप की तकनीकी खामियों और उसके आधार पर वेतन रोकने के प्रस्तावित निर्णय का विरोध करते हुए शासन का ध्यान आकर्षित किया था तथा किसी भी शिक्षक का वेतन रोकने से पहले अनुपस्थिति के वास्तविक कारणों की जांच कराने एवं उपस्थिति दर्ज न होने की स्थिति में संबंधित डीडीओ से सत्यापन करा वेतन जारी करने की मांग की थी। संगठन ने आंदोलन की चेतावनी भी दी थी। शिक्षा सचिव ने संगठन के मांगों और शिक्षकों की समस्यायों को गंभीरता से लिया है। उन्होंने शिक्षा सचिव के निर्णय का स्वागत करते हुए वीएसके ऐप की तकनीकी कमियों का शीघ्र स्थाई समाधान करने एवं केवल शिक्षकों पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने मांग की है।

## स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारियों को 2020 से नहीं मिली प्रोत्साहन राशि

# आयुष्मान योजना की प्रोत्साहन राशि में करोड़ों रूपए की आर्थिक गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**
- अपात्र अधिकारी-कर्मचारियों के खाते में राशि अंतरण करने का आरोप
- अधिकारियों पर जांच के नाम पर खानापूर्ति करने का आरोप

शासकीय चिकित्सालयों में गुणवत्तायुक्त उपचार के लिए चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रति मरीज के हिसाब से हर महीने प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाता है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पदस्थ चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वर्ष 2020 से 2026 तक के करोड़ों रूपए का भुगतान लंबित है। स्वास्थ्य कर्मचारी अपात्र कर्मचारियों को लाखों रूपए का भुगतान करने एवं योजना की राशि में अफरा-तफरी करने का आरोप लगा निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

शासकीय अस्पतालों में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को गुणवत्तायुक्त उपचार एवं भारी भीड़ को भार नहीं मानने के लिए प्रति मरीज की दर से प्रोत्साहन राशि का भुगतान करता है। आयुष्मान योजना की 60 फीसदी राशि अधोसरंचना विकास के लिए की दी जाती है जबकि 35 फीसदी राशि का भुगतान मरीज के उपचार में भागीदारी करने वाले चिकित्सा अधिकारी व कर्मचारियों को उनके खाते में प्रदान की जाती है। आयुष्मान योजना के माध्यम से स्वास्थ्य अमले को हर महीने अच्छी आय होती है जिससे वे निजी चिकित्सालयों में सेवा न देकर शासकीय अस्पतालों में प्रतिबद्धता के साथ अपनी सेवाएं देते हैं। प्रोत्साहन राशि के लिए शासन के निर्देशानुसार प्रबंधन मरीजों के ऑपरेशन सहित अन्य उपचार के लिए पोर्टल के माध्यम से जानकारी देकर प्रोत्साहन राशि का दावा करता है। बीमा कंपनी जांच उपरांत दावा राशि का भुगतान राज्य कार्यालय को करती है। राज्य कार्यालय 60 फीसदी अधोसरंचना के विकास की राशि के अतिरिक्त 35 फीसदी राशि अस्पताल प्रबंधन को भेज देता है। बताया जा रहा है योजनान्तर्गत मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन को 6 साल में करोड़ों रूपए मिले लेकिन प्रबंधन की लापरवाही के कारण योजना की बड़ी राशि अपात्र अधिकारी-कर्मचारियों के खाते में अंतरित कर दी जबकि पात्र अधिकारी-कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि का एक रूपए भी नहीं मिला। मामले की कई बार शिकायत भी हुई लेकिन अधिकारी खानापूर्ति करते रहे जिससे स्वास्थ्य कर्मियों में भारी नाराजगी है तथा कर्मचारी मामले को लेकर आंदोलन करने की योजना बना रहे हैं।




### ऐसे होता है भुगतान

शासन द्वारा प्रोत्साहन राशि भुगतान के लिए मरीज के उपचार में भागीदारी करने वाले अधिष्ठाता से लेकर अस्पताल की साफ-सफाई करने चतुर्थ श्रेणी तक के कर्मचारी की हिस्सेदारी तय की गई है। शासन के निर्देशानुसार योजना की 1 फीसदी राशि अधिष्ठाता, अस्पताल अधीक्षक, सहायक अधीक्षक, नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी को बराबर-बराबर भुगतान करना है जबकि पैथालॉजी, रेडियोलॉजी, माइक्रो बायोलॉजी-बायोकेमेस्ट्री एवं फैकल्टी रेजिमेंट को 20 फीसदी का 70 प्रतिशत इन विभागों टेक्निशियन को 20 फीसदी की 30 प्रतिशत राशि, सभी फिजिशियन एवं सर्जन को 45 प्रतिशत, सीनियर एवं जूनियर रेसिडेंट को बराबर-बराबर 10 फीसदी, फिजिशियन एवं सर्जन को 45 प्रतिशत, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ को 06 प्रतिशत, चतुर्थ वर्ग एवं सफाईकर्मियों को 03 प्रतिशत एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर को 05 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि भुगतान करने का निर्देश है। चिकित्सा अधिकारियों के अनुसार प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं होने के कारण उन्हें हर महीने 60-70 हजार रूपए एवं सालाना 6-7 लाख रूपए तथा स्वास्थ्य कर्मियों को 5 हजार से 25 हजार रूपए तक की मासिक क्षति हो रही है।

### अपात्र कर्मियों को भुगतान

स्वास्थ्यकर्मी वरिष्ठ अधिकारियों की मिलीभगत से कुछ अधिकारियों, ठेकाकर्मियों एवं डाटा ऑपरेटर के खाते में बड़ी राशि का अंतरण कराने का आरोप लगा रहे है। स्वास्थ्यकर्मी प्रबंधन पर मामले की जांच के नाम पर खानापूर्ति करने का भी आरोप लगा रहे हैं। स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि प्रबंधन द्वारा मामले में गड़बड़ी नहीं की गई है तो पांच साल से अधिक समय गुजरने के बावजूद जांच पूरा नहीं होना न ही इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए ही कोई पहल किया है।

### उच्च अधिकारियों को कराएंगे अवगत

आयुष्मान योजना की प्रोत्साहन राशि में गड़बड़ी का मामला संज्ञान में आया है। इस संबंध में अधिष्ठाता एवं अधीक्षक को मौखिक सूचना देकर जांच की मांग की गई है। मामले का तत्काल निराकरण की पहल नहीं हुई तो स्थिति से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा तथा संगठन भी अपने स्तर पर कार्रवाई करेगा।

-अनिल पाण्डेय
प्रदेश अध्यक्ष, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ

### तैयार किया जा रहा पेपर

योजनान्तर्गत सेवाएं देने वाले चिकित्सक एवं कर्मचारियों का उचित पेपर तैयार नहीं हो सका है। उपलब्ध सूची में 150 अधिकारी-कर्मचारियों का नाम नहीं है। सूची को तीन बार राज्य कार्यालय को भेजा जा चुका है। सेवा देने वाले स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारियों की शुद्ध सूची तैयार की जारी है।

-डॉ.आरसी आर्या
अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज अस्पताल



## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने चांदनी बिहारपुर को दी एम्बुलेंस की सौगात, दिखाई हरी झण्डी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- 28 ग्राम पंचायतों की 39 हजार से अधिक आबादी को मिलेगा सीधा लाभ

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होना जीवन रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, विशेषकर गर्भवती महिलाओं, दुर्घटना में घायल व्यक्तियों तथा गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए। नई एम्बुलेंस सेवा चांदनी बिहारपुर और आसपास के गांवों के लिए आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित स्वास्थ्य सहायता सुनिश्चित करेगी।

प्रदेश के दूरस्थ अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने जिले के चांदनी बिहारपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से नई एम्बुलेंस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। लगभग 18 लाख रुपये की लागत से उपलब्ध कराई गई यह एम्बुलेंस अब क्षेत्र में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाएगी। इस पहल से 28 ग्राम पंचायतों में निवासरत 39 हजार 325 से अधिक लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। अब तक चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के ग्रामीणों को गंभीर बीमारी, दुर्घटना या प्रसव जैसी आपात परिस्थितियों में इलाज के लिए दूरस्थ शहरों पर निर्भर रहना पड़ता था। कई बार समय पर वाहन उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों और उनके परिजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। नई एम्बुलेंस सेवा शुरू होने से अब मरीजों को त्वरित रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या आवश्यकता पड़ने पर उच्च चिकित्सा संस्थानों तक पहुंचाना संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन महिलाओं, बच्चों और आमजन के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक गांव और प्रत्येक परिवार तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

### जीवन दीप समिति की बैठक गुणवत्तापूर्ण उपचार और पारदर्शी प्रबंधन पर दिया जोर

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा है कि अस्पतालों को केवल उपचार केंद्र नहीं, बल्कि जन विश्वास का मजबूत आधार बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने जीवन दीप समितियों में जनभागीदारी बढ़ाकर स्वास्थ्य संस्थानों को अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और जनोन्मुख बनाने पर विशेष बल दिया। चाँदनी बिहारपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित जीवन दीप समिति की बैठक में मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने समिति के एजेंडानुसार विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समन्वय समिति के अंतर्गत स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों को प्रदान की गई स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कैटेगरीवार बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, फॉलोअप तथा निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धियों का मूल्यांकन करते हुए आवश्यक सुधारात्मक सुझाव दिए गए। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि जीवन दीप समिति का गठन अस्पताल प्रबंधन में स्थानीय समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि समिति नियमानुसार वार्षिक बजट एवं आय-व्यय पत्रक तैयार कर सामान्य सभा से अनुमोदन प्राप्त करे, ताकि वित्तीय प्रबंधन में पारदर्शिता और संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बीमा क्लेम की शत-प्रतिशत वसूली, अस्पताल भूमि के समुचित प्रबंधन, मेडिकल अपशिष्ट के सुरक्षित निष्पादन तथा एम्बुलेंस एवं अन्य वाहनों के नियमित रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही मरीजों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाएं, नियमित उपचार तथा ब्लड बैंक जैसी आवश्यक सुविधाएं निर्बाध रूप से उपलब्ध कराने पर जोर दिया। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण, संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा अस्पताल प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने संबंधी सुझावों पर भी चर्चा की गई।

## ड्रॉपआउट महिलाओं को निःशुल्क प्रदान की जाएगी उच्च शिक्षा और प्रोफेशनल कोर्स

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र की उन महिलाओं और छात्राओं के लिए राहत भरी खबर है, जिनकी पढ़ाई किसी कारणवश बीच में ही छूट गई थी। अब उन्हें दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन ने एक प्रेरणादायी पहल शुरू की है। संस्था के संचालक विजयराज अग्रवाल ने बताया कि ड्रॉपआउट महिलाओं एवं छात्राओं को उच्च शिक्षा और कंप्यूटर आधारित प्रोफेशनल कोर्स पूरी तरह निःशुल्क कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जयनगर पुलिस थाना के सामने स्थित वीकेएम परिसर में महिलाओं को बिना किसी ट्यूशन फीस के कॉलेज डिग्री और व्यावसायिक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा, ताकि वे शिक्षा प्राप्त कर रोजगार के बेहतर अवसर हासिल कर सकें और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें।संस्था द्वारा बीए, बीकॉम, डीसीए, बीसीए तथा पीजीडीसीए जैसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इन कोर्सों के लिए चयनित महिलाओं से किसी भी प्रकार की ट्यूशन फीस नहीं ली जाएगी। संस्था का मानना है कि आर्थिक कारणों से शिक्षा से दूर हुई महिलाओं को यदि दोबारा अवसर मिले तो वे अपने परिवार और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। महिलाओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए संस्था विशेष समय पर कक्षाओं के संचालन पर भी विचार कर रही है, ताकि गृहिणियां और नौकरीपेशा महिलाएं भी बिना किसी परेशानी के अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। इससे बड़ी संख्या में महिलाएं शिक्षा के साथ अपने घरेलू और व्यावसायिक दायित्वों का भी संतुलन बना सकेंगी।विजयराज अग्रवाल ने बताया कि संस्था केवल शिक्षा तक ही सीमित नहीं रहेगी, बल्कि कोर्स पूरा करने के बाद महिलाओं को कंप्यूटर ऑपरेटर, एकाउंटेंट सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्लेसमेंट दिलाने में भी सहयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बीए, बीकॉम, डीसीए. और बीसीए में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, जबकि पीजीडीसीए के लिए स्नातक होना अनिवार्य है। इच्छुक महिलाओं की सहायता के लिए हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है। प्रवेश प्रक्रिया 15 अगस्त तक चलेगी। विजयराज अग्रवाल ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल महिलाओं को शिक्षित करना ही नहीं, बल्कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति पर रोक लगाना भी है। उनका कहना है कि कई बार पढ़ाई छूट जाने के बाद अभिभावक कम उम्र में ही बेटियों का विवाह कर देते हैं। यदि बेटियां दोबारा शिक्षा से जुड़ेंगी, तो वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य का बेहतर निर्माण कर सकेंगी और समाज में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बनेंगी।

## बतौली में शाला समिति के अध्यक्ष चयन पर बवाल छात्रा ने लगाया धोखे से अभिभावक बनने का आरोप

- प्रशासन से शिकायत कर दोषियों पर की कड़ी करवाई की मांग

**सेदम।** बतौली में शाला समिति के अध्यक्ष के चयन को लेकर बबाल मचा हुआ है। स्कूल की कक्षा 10वीं की छात्रा ने धोखे से अभिभावक बन अध्यक्ष बनने का आरोप लगाया है। साथ ही दोषियों पर कलेक्टर से कड़ी करवाई की मांग की है।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बतौली की शाला प्रबंधन समिति का गठन अब बड़े विवाद के केंद्र में बन गया है। एक ओर कक्षा 10वीं की छात्रा कु. अंतिला टोप्पो ने जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत देकर आरोप लगाया है कि उसे गुमराह कर एक स्थानीय व्यक्ति को उसका अभिभावक बनाया गया, वहीं दूसरी ओर जनपद पंचायत की उपाध्यक्ष एवं शिक्षण स्थायी समिति की अध्यक्ष श्रीमती मंजू हरि गुप्ता ने 29 जुलाई को विद्यालय के निरीक्षण के बाद एसएमसी गठन में गंभीर अनियमितताओं का उल्लेख करते हुए कार्रवाई की अनुशंसा की है। निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुसार शाला प्रबंधन समिति के अभिलेखों और बैठक संबंधी दस्तावेजों के परीक्षण के दौरान समिति के गठन में शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रक्रिया का पालन नहीं होने की बात दर्ज की गई है। प्रतिवेदन में यह भी उल्लेख है कि समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों के चयन को लेकर प्रश्न उठे तथा एसएमसी गठन की कार्यवाही को निरस्त करने की अनुशंसा की गई। इसी बीच छात्रा कु. अंतिला टोप्पो ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि वह ग्राम गोविंदपुर की निवासी है और पढ़ाई के लिए बतौली आती है। छात्रा के अनुसार हॉस्टल में प्रवेश दिलाने का भरोसा देकर उससे और उसके पिता से कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए गए। बाद में उसे जानकारी मिली कि स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता अशोक कुमार गुप्ता को उसका अभिभावक दर्ज कर दिया गया और वह एसएमसी के अध्यक्ष बन गए। छात्रा ने अपने आवेदन में स्पष्ट लिखा है कि उसके माता-पिता जीवित हैं, वह अशोक कुमार गुप्ता को अपना अभिभावक नहीं मानती तथा यह पूरी प्रक्रिया उसकी जानकारी और वास्तविक सहमति के बिना हुई। छात्रा ने यह भी लिखा है कि उसने इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों, छात्रावास अधीक्षक तथा जनपद उपाध्यक्ष के समक्ष भी अपनी बात रखी थी। इसके बाद उसने जिला शिक्षा अधिकारी, कलेक्टर तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी को शिकायत भेजकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बताया कि लड़की के पिता व उसकी बहन मेरे यहां खेती किसानी का काम पिछले कई वर्ष से कर रहे हैं। इनके परिवार के साथ हमारा घरेलू संबंध है। बच्ची का पालन-पोषण हमारे द्वारा किया जा रहा है।

### एसडीएम करेंगे जांच

बतौली में शाला समिति के अध्यक्ष के चयन मामले की जांच एसडीएम द्वारा की जाएगी।

-अजीत वसंत, कलेक्टर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क.- /अ-6/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सिलमन्ती कुजूर पत्नी स्व. मरीयानुस कुजूर व अन्य,जाति उरांव, निवासी ग्राम मुहल्ला रांझी मोहनिया जबलपुर, थाना व तहसील जबलपुर म.प्र., तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. द्वारा ग्राम अजिरमा स्थित भूमि खसरा नंबर 617/5 कुल रकबा 0.020 हे. भूमि के राजस्व अभिलेखो में वर्तमान मृत खातेदार स्व. मरीयानुस कुजूर आ. जुलियस कुजूर का नाम विलोपित कराते हुए उनके विधिक वारिशों के नाम पर फौती दर्ज कराने बावत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24/8/2026 को न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा

आज दिनांक 29/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**अम्बिकापुर-2**

TOP IN SURGUJA
GURUKRIPA COLLEGE ADMISSION GUIDENS 2026-27 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) 9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय : सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS

THE LOTUS CONSULTANCY JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
COLLEGES COUNSELLING · DEEMED COLLEGE · COUNSELLING · STATE PVT./ GOVT. COLLEGES · FORM FILLUP ASSISTANCE · LOW PACKAGE
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE ANU SHARMA 9109920477

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
95224-66664, 62622-22003 | 9826446666 | 95224 66605

सरगुजा मार्केट

भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
डॉ. दिलीप लालवानी
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
07714024989 | 9329124989

आप परेशान क्यों हैं ? वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मो. 9753266386

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
25 साल से स्थायी
विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर - मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. शिवानी सिंघल MBBS, MD Pediatrics
OPD समय: सुबह 10:00 बजे - 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे - 7:00 बजे
प्रकाश हॉस्पिटल
मो. 9713667433, 9617247433

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### सेवा किटी की मासिक बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**अम्बिकापुर।** सेवा किटी की मासिक बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। पदाधिकारी व सदस्यों ने सर्वसम्मति से मूकबधिर शाला में बच्चों को पठन सामग्री का वितरण करने, अभिरूचि केंद्र का शुभारम्भ शीघ्र करने, पूर्व की तरह इस बार भी स्वाधीनता दिवस में निबंध प्रतियोगिता आयोजित करने, प्रति 2 माह में सदस्यों की बैठक करने का निर्णय लिया। बैठक में संयोजिका वन्दना दत्ता, संतोष पाण्डेय, मधु चौदह, लिलि बसु, गायत्री अग्रवाल, मिलन शर्मा, आतिशी भट्टाचार्य, सुधा तिवारी, नमिता चावला, सत्या दुबे द्वारा स्वतंत्रता दिवस के आयोजन की तैयारियों की जिम्मेदारी दीपमाला सिंह, सुनीता दास, अंजना परिहार, हिना परवीन स्मिता तिवारी, बोनी डे को सौंपी गई।

### प्रयास विद्यालय में माहवारी स्वच्छता एवं तनाव प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम



**अम्बिकापुर।** प्रयास आवासीय विद्यालय घंघरी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 किशोरियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकिता गोयल ने किशोरियों को माहवारी के दौरान स्वच्छता, संतुलित पोषण एवं पेरिनियल हाइजीन के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने सैनिटरी पैड का समय-समय पर परिवर्तन, साफ एवं सूती अंतर्वस्त्रों का उपयोग, पर्याप्त पानी पीने तथा संक्रमण के लक्षण दिखाई देने पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि सही स्वच्छता एवं पौष्टिक आहार अपनाकर कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव संभव है। प्रयास विद्यालय की छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करती हैं। इसे ध्यान में रखते हुए डॉ. गोयल ने तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, पर्याप्त नींद, योग एवं नियमित अध्ययन के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने माहवारी, पोषण, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़े अनेक पूछे, जिनका डॉ. गोयल ने सरल एवं वैज्ञानिक ढंग से समाधान किया।

### मृतक हरिनंदन के परिजन से मिलने गोंदा पहुंची विधायक शकुंतला पोर्ते



**प्रतापपुर।** हरिनंदन राजवाड़े हत्याकांड के बाद क्षेत्र में व्याप्त आक्रोश और न्याय की मांग के बीच क्षेत्रीय विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते गुरुवार को ग्राम गोंदा पहुंचीं। उन्होंने मृतक के परिजन से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा पूरे मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। विधायक के गांव पहुंचते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और पूरे घटनाक्रम को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की। परिजन से मुलाकात के दौरान विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने कहा कि वे परिवार के साथ खड़े हैं तथा न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगी। परिजन ने विधायक के सामने आरोप लगाया कि हत्या जैसे गंभीर मामले में आरोपियों को शीघ्र जमानत मिलने से सवाल खड़े हो गए हैं। परिजन ने इस हत्याकांड में शेष फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने कहा कि इस पूरे मामले को पुलिस अधीक्षक, कलेक्टर तथा राज्य सरकार के समक्ष पूरे घटनाक्रम की जानकारी रखकर निष्पक्ष जांच और कानून के अनुरूप कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगी। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल सहित भारी संख्या में ग्रामीण एवं परिजन उपस्थित थे।

## पुल के सड़क पर बने गड्ढे से बाहर निकल आए सरिया

# देख रेख एवं मरम्मत के अभाव में ग्राम बादा उदरसई मार्ग स्थित पुल की हालत जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

ग्राम पंचायत बादा–उदरसई मुख्य मार्ग पर बने पुल मरम्मत के अभाव में न सिर्फ जर्जर हो गई है बल्कि अब लोगों के लिए खतरनाक हो गया है। बारिश के बाद पुल पर जगह-जगह गड्ढे हो गए है और गड्ढे से सरिया भी बाहर निकलने लगे है। ऐसे में अब पुल से आवागमन करना राहगीरों के लिए काफी खतरनाक हो गया है। समय रहते गड्ढों की मरम्मत नहीं की गई तो आने वाले समय में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**खास बात**

- पुल से आवागमन करना राहगीरों के लिए बना खतरा

ग्राम पंचायत बादा–उदरसई मार्ग पर स्थित पुल की स्थिति देखरेख व मरम्मत के अभाव में बेहद जर्जर हो चुकी है। पुल के ऊपर बनी सड़क कई स्थानों से उखड़ गई है, जिससे लोहे की सरिया खुलकर बाहर आ गई है। बारिश के कारण गड्ढों में पानी भर जाने से सरिया दिखाई नहीं देती, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों के लिए गंभीर दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। इस मार्ग से प्रतिदिन ग्रामीणों के साथ-साथ स्कूली बच्चे, किसान एवं छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। पुलिया की बदहाल स्थिति के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में गड्ढों में भरे पानी के कारण सड़क की वास्तविक स्थिति का अंदाजा नहीं लग पाता जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल की मरम्मत की आवश्यकता लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा अब तक किसी प्रकार की पहल नहीं की है। ग्रामीणों कहना है कि पुल पर बने बड़े गड्ढे अब राहगीरों के लिए न सिर्फ खतरनाक हो गया है बल्कि कभी भी जानलेवा साबित हो सकता है। विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नहीं देने के कारण क्षेत्र के लोगों एवं राहगीरों को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। बरसात के इस मौसम में स्थिति और भी भयावह हो गई है, क्योंकि पानी भरने से गड्ढे दिखाई नहीं देते और वाहन सीधे उनमें उतर जाते हैं जिससे कई दो पहिया वाहन सवार दुर्घटना के शिकार हो चुके है।



जर्जर पुल के गड्ढे से निकले सरिया।

### बड़ी संख्या में लोग करते है आवागमन

बादा–उदरसई मार्ग पर स्थित पुल से बड़ी संख्या में दो पहिया, यात्री बस सहित अन्य वाहन आवागमन करते है। ऐसे में पुल पर बने गड्ढे से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। पुल के गड्ढों की मरम्मत नहीं किए जाने से ग्राम पंचायत के ग्रामीणों में विभाग के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि पुल की जर्जर हालत से हर दिन लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है। ऐसे में समय रहते मरम्मत नहीं की गई तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### पुल मरम्मत कराने की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि पुल पर बने सभी गड्ढों की तत्काल एवं क्षतिग्रस्त हिस्से का पुनर्निर्माण तथा बाहर निकले सरिया को सुरक्षित ढंग से ढक कर स्थायी मरम्मत कराई जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पुल का पूर्ण मरम्मत कार्य शुरू नहीं कराया गया तो क्षेत्रवासी आंदोलन करने को मजबूर होगें।

### जल्द कराई जाएगी मरम्मत

पुल निर्माण हुए कई साल हो गए है और पुल मेंटेनेंस अवधि बाहर हो चुका है। विभाग से बात कर मरम्मत कराने की कोशिश की जाएगी। जल्द ही मरम्मत कराई जाएगी।

**-जीएस सिदार,** ई पीएमजीएसवाई



## सर्व नवीन सोनार समाज को संभाग स्तर पर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

सामाजिक सेवा एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए सर्व नवीन सोनार समाज को सरगुजा संभाग स्तर पर विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। नवीन सर्व सोनार समाज कल्याण समिति अंबिकापुर के तत्वावधान में एक होटल में आयोजित सम्मान समारोह एवं सामाजिक सम्मेलन में राजपुर इकाई के पदाधिकारियों को शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

सम्मेलन में संभाग के विभिन्न जिलों से समाज के वरिष्ठ, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाज लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज हित में उत्कृष्ट कार्य करने वाली इकाइयों एवं पदाधिकारियों का सम्मान कर उन्हें सेवा कार्यों के लिए प्रोत्साहित करना था। इस दौरान वक्ताओं ने राजपुर सर्व नवीन सोनार समाज द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि इकाई ने समाज सेवा के क्षेत्र में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। राजपुर समाज द्वारा कन्या विवाह सहायता योजना, वृद्धजन पेंशन सहायता, दाह संस्कार सहायता, मंदिरों में नियमित भंडारा, पक्षियों के लिए दाना-पानी, पशुओं के लिए चारा एवं पानी की व्यवस्था तथा भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए प्याऊ संचालित करने जैसे अनेक सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इन योजनाओं से जरूरतमंद परिवारों को सहयोग मिलने के साथ समाज में सेवा और एकता की भावना भी मजबूत हुई है। समाज के अध्यक्ष सुरेश कुमार सोनी के नेतृत्व में संचालित इन कार्यों को देखते हुए राजपुर इकाई को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। सम्मानित होने वालों में अध्यक्ष सुरेश कुमार सोनी, उपाध्यक्ष रामाशीष सोनी, संरक्षक राजकुमार सोनी, श्याम बिहारी सोनी, विकास सोनी, ओमप्रकाश सोनी, सुनील सोनी, संतोष सोनी, अरुण सोनी, रंजीत सोनी, संतोष सोनी, संजय सोनी, श्रीमती सुनीता सोनी, श्रीमती नूतन सोनी, श्रीमती नीलम सोनी, अमृता सोनी, सुनीता सोनी, अन्य पदाधिकारी शामिल है। इस दौरान बलदेव सोनी,श्रीमती बेचनी देवी, रविन्द्र स्वर्णकार, शिवराम सोनी, रघुनाथ सोनी, अंबिका सोनी, विनोद सोनी, अशोक सोनी, विजय कुमार सोनी, सुरेन्द्र सोनी, अशोक सोनी, सुनील सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

## लूटपाट व चोरी के मोबाइल खरीदने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

बिश्रामपुर पुलिस ने झपटमारी और वाहन चोरी के मामले में क्षेत्र के शातिर बदमाश गोरखा उर्फ प्रकाश (30 वर्ष) पिता कौशल किशोर को गिरफ्तार किया है। वहीं चोरी के मोबाइल खरीदने के आरोप में सरफराज (20 वर्ष) पिता आहाबुला, निवासी टिकटिकीपारा, मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) को भी गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बड़ी संख्या में चोरी के मोबाइल जब्त किए हैं।



- चोरी किये कई संख्या में मोबाइल व बाइक हुई बरामद

पुलिस के अनुसार, गोरखा उर्फ प्रकाश ने 14 मई को बिश्रामपुर-रामनगर मार्ग स्थित नितिन पेट्रोल पंप, दतिमा के पास करवाँ निवासी उर्मिला जायसवाल से दिनदहाड़े मोबाइल फोन और झोले में रखे जरूरी दस्तावेज झपटकर फरार हो गया था। इसके अलावा 4 मई को गोरखनाथपुर निवासी दुर्गेश और उसकी मां के कब्जे से भी मोबाइल और बैग में रखा सामान झपटकर आरोपी फरार हो गया था। दोनों मामलों में अपराध दर्ज कर पुलिस जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस को सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी पर संदेह हुआ। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसके कब्जे से एक चोरी की बाइक भी बरामद हुई,जो शांतिनगर निवासी सोनू खान की बताई जा रही है। पुलिस ने आगे की कार्रवाई करते हुए चोरी के मोबाइल खरीदने के आरोप में सरफराज को भी गिरफ्तार किया। उसके पास से बड़ी मात्रा में चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय में पेश किया गया।

### बाइक चोरी के मामले में तीन अपचारी पुलिस हिरासत में, बाइक बरामद

**राजपुर।** बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने न सिर्फ तीन अपचारी बालकों को हिरासत में लिया बल्कि चोरी की गई बाइक बरामद कर ली है। पुलिस ने अपचारी बालकों को किशोर न्यायालय पेश किया जहां आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 28 जुलाई की रात चोरों ने एक घर का शटर तोड़कर



केटीएम बाइक क्रमांक डीएल 55 एजे 6062 चोरी कर ली थी। वाहन की अनुमानित कीमत 35 हजार रुपये बताई गई है। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस ने विवेचना के दौरान मुखबिर से मिली सूचना मिली कि चोरी के बाइक से तीन संदिग्ध अपचारी बालक घूम रहे है। सूचना पर पुलिस ने तीनो अपचारी बालक को हिरासत में लिया। पूछताछ में तीनों ने चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने अपचारी बालकों के पास से चोरी की गई बाइक को जब्त किया। पुलिस ने नियमानुसार तीनों अपचारी बालकों का सामाजिक पृष्ठभूमि प्रतिवेदन तैयार कर उनके परिजन को सूचना दी। इसके बाद उन्हें किशोर न्यायालय रामानुजगंज में प्रस्तुत किया गया। मामले में पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

### बाइक की टक्कर से गंभीर महिला की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** समूह की महिलाओं के साथ बैंक में लोन के सिलसिले में जा रही महिला को विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुई महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम बरौली निवासी जोखनी बाई मरावी पति शंकर राम मरावी (54 वर्ष) बुधवार को गांव के समूह की महिलाओं के साथ लोन के सिलसिले में बरगीडीह ग्रामीण बैंक गई थी। दोपहर करीब 1 बजे बरगीडीह के समीप सड़क पार करने लगी तभी बतौली की ओर जा रहे बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को बरगीडीह अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमाटमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## बिजनेस प्लस

### दयानिधि हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर कल

**अम्बिकापुर।** अम्बिकापुर के गंगापुर स्थित दयानिधि हॉस्पिटल अपने स्थापना दिवस के अवसर पर 1 अगस्त को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन करने जा रहा है। शिविर दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक अस्पताल परिसर में आयोजित होगा, जिसमें मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं आवश्यक चिकित्सकीय मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। दयानिधि हॉस्पिटल के वरिष्ठ हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप त्रिपाठी ने बताया कि शिविर में वे स्वयं अपनी चिकित्सकीय टीम एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित रहेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि दयानिधि हॉस्पिटल में हड्डी एवं जोड़ रोगों के उपचार के साथ-साथ जनरल सर्जरी, मेडिसिन, फिजियोथेरेपी, आर्थोपेडिक एवं अन्य आवश्यक ऑपरेशन, पैथोलॉजी जांच, डिजिटल एक्स-रे तथा मरीजों के भर्ती होने की समुचित सुविधा उपलब्ध है। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं एवं अनुभवी चिकित्सकों के कारण अस्पताल क्षेत्र में भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। ज्ञात हो कि लगभग 10 वर्षों के चिकित्सकीय अनुभव के दौरान डॉ. त्रिपाठी ने मुख्य भूमिका में 10 हजार से अधिक सफल ऑपरेशन किये हैं, जिसमें दयानिधि हॉस्पिटल में 100 से अधिक स्पाइन सर्जरी तथा करीब 4 हजार हड्डी संबंधी सफल ऑपरेशन शामिल है। यही अनुभव और सेवा भाव स्थापना दिवस पर आयोजित इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर के माध्यम से आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। दयानिधि हॉस्पिटल प्रबंधन ने क्षेत्र के नागरिकों से निर्धारित समय पर शिविर में पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श एवं स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाने का आग्रह किया है।






## अभाविप ने उच्च शिक्षा विभाग से की निष्पक्ष जांच की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने उच्च शिक्षा विभाग के सचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय के अतिथि व्याख्याता प्रो. पवन सिंह के विरुद्ध समय-समय पर प्राप्त शिकायतों की निष्पक्ष एवं जांच कराने की मांग की गई है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं द्वारा लंबे समय से संबंधित व्याख्याता के आचरण एवं व्यवहार को लेकर लगातार शिकायतें की जाती रही हैं, किंतु अब तक शिकायतों पर कोई संतोषजनक एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।अभाविप ने मांग की है कि महाविद्यालय से बाहर के सक्षम एवं निष्पक्ष अधिकारियों की स्वतंत्र जांच समिति गठित कर पूरे प्रकरण की समयबद्ध जांच कराई जाए। जांच के दौरान संबंधित पक्षों के बयान, उपलब्ध साक्ष्यों एवं शिकायतों का परीक्षण कर नियमानुसार उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अभाविप के पदाधिरियों ने निर्धारित समय पर जांच समिति का गठन कर कार्रवाई प्रारंभ नहीं करने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस दौरान जिला संयोजक विकास महतो, नगर मंत्री सत्यम प्रजापति, परमानंद कुशवाहा, संकल्प सिंह राणा, अविनाश बंधन, किंकर विश्वास, चंदन कश्यप, ओम कश्यप, यश राजवाड़े सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## मिट्टी बांध व तालाब गहरीकरण किसानों के लिए बना वरदान

**सलका अधिना।** भैयाथान जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बरपारा में खरखोरी नाला में ग्राम वासियों ने लगन और मेहनत से मिट्टी बांध का निर्माण सही समय पर पूर्ण किया। मिट्टी बांध निर्माण से लोगों को रोजगार भी प्राप्त हुआ एवं मिट्टी बांध के बन जाने से आसपास के किसानों के लिए अधिक क्षेत्र में सिंचाई का रकबा बढ़ा है। मिट्टी बांध निर्माण किसानों के लिए लाभदायक साबित हो रहा है। बारिश के बाद बांध में करीब आधा किलोमीटर तक पानी भर गया है जिससे आसपास के खेतों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो गई है। बांध में पर्याप्त पानी होने के कारण ग्रामीण और किसान इस पानी का उपयोग कर धान की रोपाई कर रहे हैं। इससे किसानों को सिंचाई के लिए अतिरिक्त संसाधनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है और खेती का कार्य भी समय पर शुरू हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी प्रकार बांध का नियमित रखरखाव और संरक्षण किया जाए तो आने वाले वर्षों में भी इसका लाभ किसानों को मिलता रहेगा। जल संरक्षण की दृष्टि से यह भी मिट्टी बंद महत्वपूर्ण साबित हो रहा है क्योंकि इससे वर्षा जल का संग्रहण हो रहा है और भूजल स्तर को भी फायदा मिलने की उम्मीद है। स्थानीय किसानों ने बताया कि समय पर पानी उपलब्ध होने से धान की खेती सुविधा हुई है और अच्छी पैदावार होने की संभावना है। साथ ही रवि सीजन में गेहूं एवं सरसों की फसल मिट्टी बांध बन जाने से किसानों की फसल की गारंटी मिल गई है। किसानों ने बताया कि फसल करने के लिए पानी की अधिक आवश्यकता होती है और वर्षा की भी अनिश्चितता बनी रहती थी। लेकिन अब मिट्टी बांध बन जाने से किसान धान की खेती के साथ-साथ अब साल भर साथ सब्जियों की भी खेती कर सकते हैं जिससे उन्हें साग सब्जी खरीदना नहीं पड़ेगा और पैसे की भी बचत होगी तथा साग सब्जी बेचकर उनके अतिरिक्त आमदनी भी होगी। मिट्टी बांध उनके जीवन स्तर को आगे बढ़ाने में उपयोगी सिद्ध होगा। वहीं दूसरी ओर राजकिशोर नगर में तालाब गहरीकरण कार्य ने ग्रामीणों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। ग्राम पंचायत स्थित गौठान के समीप तालाब के गहरीकरण से अब गांव में वर्ष भर जल उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है, जिससे किसानों को सिंचाई, पशुपालन और रोजगार के क्षेत्र में सीधा लाभ मिल रहा है। ग्रामीण किसानों के अनुसार, पहले खेती पूरी तरह वर्षा पर निर्भर थी। गर्मियों में तालाब सूख जाने से रबी फसल लेना मुश्किल हो जाता था और पशुओं के लिए पानी की भी गंभीर समस्या रहती थी। तालाब गहरीकरण के बाद अब वर्षा जल का बेहतर संचयन हो रहा है और लंबे समय तक पानी उपलब्ध रहने से किसानों को समय पर सिंचाई सुविधा मिलेगी।






